राजकीय पॉलिटेक्निक, पश्चिम चंपारण में एआई (AI) वेबिनार का आयोजन



पश्चिम चंपारण, 31 अक्टूबर 2026। राजकीय पॉलिटेक्निक, पश्चिम चंपारण के सभागार में मेरिटनेक्स्ट के सहयोग से "गेट एआई-रेडी" विषय पर व्यावहारिक वेबिनार आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मूल अवधारणाओं से परिचित कराना तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए एआई (AI) आधारित एप्लिकेशन बनाना सिखाना है।

वेबिनार में प्रतिभागियों को वास्तविक डेटासेट पर कार्य करने, मशीन लर्निंग मॉडल तैयार करने, उसके परिणामों का परीक्षण करने तथा उसे उपयोगी एप्लिकेशन में बदलने की प्रक्रिया समझाई गयी । प्रशिक्षण में पायथन, गूगल कोलैब, पांडास, साइकिट-लर्न और ग्रेडियो जैसे टूल्स का उपयोग किया गया। ब्राउज़र आधारित इस प्रशिक्षण के लिए अलग से सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं थी।

कार्यक्रम संस्थान के प्रभारी प्राचार्य श्री नीतीश कुमार चौधरी के संरक्षण तथा प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी श्री सुशील कुमार दास के संयोजन में आयोजित किया गया । इसमें एआई(AI) में रुचि रखने वाले विद्यार्थी बिना पूर्व एआई अथवा मशीन लर्निंग अनुभव के भी भाग लिए। प्रतिभागियों को संवादात्मक सत्र में सीखने और व्यावहारिक परियोजना तैयार करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी वितरण किया गया।